हिन्दी
(201)
शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र

कुल अंक : 20

टिप्पणी : (i) सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

(ii) उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केंद्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए ।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए । 2

(क) आपने 'इसे जगाओ' कविता पढ़ी। कविता का मूल संदेश ग्रहण कर आप अपने दैनिक जीवन में क्या परिवर्तन करना चाहेंगे ? (पाठ-12 देखें)

(ख) 'उनको प्रणाम' कविता के संदर्भ में आप किसे प्रणाम करना चाहेंगे और क्यों? कारण सहित लिखिए । (पाठ-20 देखें)

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए । 2

(क) 'गिल्लू' पाठ में लेखिका की मानवीय संवेदना अत्यंत प्रेरणादायक है । टिप्पणी लिखिए । (पाठ-3 देखें)

(ख) आज के संदर्भ में 'अपना – पराया' पाठ की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखिए । (पाठ-16 देखें)

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए । 2

(क) आपकी दृष्टि में क्या 'भारत की ये बहादुर बेटियाँ' पाठ का शीर्षक उपयुक्त है? अपनी सहमति अथवा असहमति तर्क सहित स्पष्ट कीजिए । (पाठ-6 देखें)

(ख) 'बीती विभावरी जाग री' कविता से आप क्या संदेश ग्रहण करते हैं? अपने शब्दों में लिखिए । (पाठ-17 देखें)

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए । 4

(क) 'जिनकी सेवाएँ अतुलनीय
पर विज्ञापन से रहे दूर
प्रतिकूल परिस्थिति ने जिनके
कर दिए मनोरथ चूर-चूर!'

उदाहरण देते हुए उपर्युक्त पंक्तियों की व्याख्या कीजिए । (पाठ-20 देखें)

(ख) ‘आपने बीती विभावरी जाग री’ कविता पढ़ी। कविता के काव्य सौन्दर्य पर सोदाहरण टिप्पणी कीजिए। (पाठ-17 देखें)

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए । 4

(क) ‘उनको प्रणाम’ पाठ के आधार पर सफलता और सार्थकता में अंतर स्पष्ट कीजिए। आपके लिए क्या अधिक महत्वपूर्ण है ? तर्क सहित उत्तर लिखिए । (पाठ-20 देखें)

(ख) अपनी पसंद के किसी एक कवि अथवा लेखक की कम से कम तीन रचनाएं पढ़िए और उनका संक्षिप्त परिचय देते हुए एक रचना का मूल संदेश अपने शब्दों में लिखिए ।

6. निम्नलिखित में से कोई एक परियोजना कीजिए । 6

(क) भारत में करियर के रूप में सर्वाधिक नए उभरते पाँच विकल्पों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी एकत्रित कीजिए और फ़ाइल तैयार कीजिए ।

(ख) समाचार पत्र में प्रकाशित करने के उद्देश्य से अपने गाँव/शहर/कस्बे की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, चुनौतियों और उपयुक्त समाधान सुझाते हुए एक लेख लिखिए ।